Regarding need to establish Khadi and Village Industries Commission Skill Development Centre in Hazaribagh Parliamentary Constituency, Jharkhand-Laid

श्री मनीष जा यसवा ल **(**हज़ारीबाग**) :** मैं केंद्र सरकार का ध्यान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खादी एवं ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र की आवश्यकता की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । हजारीबाग व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हथकरघा, हस्तशिल्प, लकड़ी-बांस आधारित कुटीर उद्योग, अगरबत्ती/मोमबत्ती निर्माण जैसे पारंपरिक उद्योगों की अपार संभावनाएँ हैं, परंतु आधुनिक प्रशिक्षण, तकनीक और बाज़ार संपर्क के अभाव में स्थानीय युवाओं व महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है । अतः मेरा आग्रह है कि हजारीबाग में खादी एवं ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र (केवीआईसी स्किल डेवलपमेंट सेंटर) की स्थापना की जाए तथा इसे पीएमईजीपी, स्फूर्ति और अन्य ग्रामोद्योग योजनाओं से जोड़ते हुए कौशल विकास, प्रौद्योगिकी उन्नयन, मार्केट लिंकेज और उद्यमिता हेतु सब्सिडी आधारित ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए । यह केंद्र क्षेत्र में स्थानीय रोजगार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण बल प्रदान करेगा । अतः केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए हजारीबाग में प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हेतु त्वरित कार्रवाई की जाए ।